C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 262 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 24 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## 1 अप्रैल से कांग्रेस का 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान शुरू

### डोटासरा का ऐलानः हर गांव-वार्ड में बनेगा कांग्रेस संगठन

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान की राजनीति में कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मुद्दों को लेकर बड़ा कदम उठाया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए घोषणा की कि आगामी 1 अप्रैल से प्रदेशभर में 30 दिवसीय 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान शुरू किया जाएगा।

डोटासरा ने बताया कि इस अभियान के तहत सभी नवगठित ग्राम पंचायतों में कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे और नगर निकायों के प्रत्येक वार्ड में भी वार्ड अध्यक्ष बनाए जाएंगे। साथ ही हर स्तर पर 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जाएगा। यह अभियान ग्राम पंचायत मुख्यालयों से लेकर वार्ड, ब्लॉक और जिला स्तर तक चलाया जाएगा, जिसमें जन-जागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।




उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सरकार हार के डर से नगर निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव जानबूझकर टाल रही है। डोटासरा ने कहा कि कभी वन स्टेट-वन इलेक्शन, कभी परिसीमन और अब ओबीसी प्रतिनिधित्व आयोग की रिपोर्ट का बहाना बनाकर चुनाव लगातार आगे बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने आयोग का गठन देर से किया, उसे पर्याप्त संसाधन नहीं दिए और अब रिपोर्ट नहीं आने का हवाला देकर चुनाव टाले जा रहे हैं, जो लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है।

डोटासरा ने यह भी कहा कि सरकार दूषित वोटर लिस्ट के आधार पर चुनाव कराने की तैयारी कर रही है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया पूरी कर कर्मचारियों को मुक्त कर दिया है, इसके बावजूद राज्य सरकार बहाने बनाकर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर रही है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया।

अभियान के तहत डोटासरा स्वयं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के साथ प्रदेश के सभी जिलों का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि 2 अप्रैल को ब्यावर और 3 अप्रैल को बालोतरा जिले का दौरा प्रस्तावित है

कांग्रेस ने प्रदेश में रसोई गैस की किल्लत को लेकर भी सरकार को घेरा। डोटासरा ने कहा कि केंद्र की नीतियों और भाजपा की डबल इंजन सरकार की अकर्मण्यता के कारण प्रदेश में गैस संकट गहराया है, जिससे होटल, रेस्टोरेंट, कैंटीन और छात्रावासों की मैस तक प्रभावित हो रही हैं। शादी-विवाह जैसे आयोजनों में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और हजारों लोगों के रोजगार पर असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में कांग्रेस की जिला और ब्लॉक इकाइयों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 27 मार्च को जयपुर के शहीद स्मारक पर भाजपा सरकार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

## घरेलू गैस का दुरुपयोगः रायपुर में छापा, 37 सिलेंडर व रीफिलिंग मशीन जब्त





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिले में एलपीजी गैस के दुरुपयोग के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को रायपुर उपखण्ड क्षेत्र में छापा मारकर अवैध गैस भंडारण और रीफिलिंग का खुलासा किया।

प्रवर्तन अधिकारी सुरेश कुमार और प्रवर्तन निरीक्षक विनोद मीणा की टीम ने रायपुर के वार्ड नंबर 09 स्थित बस स्टैंड बाजार क्षेत्र में गिरिराज सोनी के मकान परिसर में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके से 37 घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर और एक रीफिलिंग मशीन बरामद की गई, जिन्हें एलपीजी (नियमन) आदेश 2000 के तहत जब्त कर लिया गया।

जब्त किए गए सिलेंडर और मशीन को रायपुर स्थित आरके भारत गैस ग्रामीण वितरक के मैनेजर पारस माली की सुपुर्दगी में सौंपा गया है।

प्रशासन के अनुसार इस पूरे मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 (ईसी एक्ट) की धारा 6 के तहत प्रकरण दर्ज कर जब्त सामग्री को जिला कलेक्टर न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां राजसात (जब्ती) की कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध हथियारों के साथ युवक गिरफ्तार, दो पिस्टल व चार कारतूस

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनीत चपलोत ।** जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डीएसटी टीम व पुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो पिस्टल व चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी की कार भी जब्त कर ली है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाप्रभारी कन्हैयालाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की 22 मार्च को डीएसटी भीलवाड़ा के कांस्टेबल राकेश भंडारी से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए शिवराज सिंह उपनिरीक्षक मय जाप्ता ने एक अल्टो कार को रुकवाकर जांच की। तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड से दो पिस्टलनुमा हथियार व चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। कार चालक कैलाश चंद्र जाट (30) निवासी गाडरी मोहल्ला, रूपाहेली थाना सदर से हथियारों के संबंध में लाइसेंस व परमिट मांगा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने हथियार व कारतूस जब्त कर कार को भी कब्जे में लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## कोठारी नदी में अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाई, 5 ट्रैक्टर व 2 जेसीबी जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)**

सवाईपुर क्षेत्र के बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत स्थित कंवलियास माफी गांव के पास कोठारी नदी में हो रहे अवैध बजरी खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देशन में डीएसटी टीम ने सोमवार दोपहर दबिश देकर मौके से पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली और दो जेसीबी मशीन जब्त की।

सूचना मिलते ही बड़लियास थाना पुलिस एवं सवाईपुर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची। सवाईपुर चौकी के एएसआई प्यार चंद खटीक ने बताया कि डीएसटी टीम ने कंवलियास माफी गांव के निकट कोठारी नदी में चल रहे अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए यह जब्ती की।

कार्रवाई के बाद जब्त वाहनों को बड़लियास थाना परिसर में खड़ा कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दिनदहाड़े हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।



## नवरात्रि में जंगल से निकला पैंथर, मेनाल-जोगणिया मार्ग पर बढ़ी सतर्कता



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

नवरात्रि के अवसर पर जोगणिया माता मंदिर मार्ग पर जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, वहीं पास के जंगल क्षेत्र में पैंथर की मौजूदगी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार जोगणिया माता और मेनाल के बीच, बंबावदागढ़ के समीप जंगल क्षेत्र में एक पैंथर के विचरण करते हुए देखे जाने का मामला सामने आया है। मौके से गुजर रहे कुछ श्रद्धालुओं ने पैंथर को जंगल में घूमते हुए देखा और उसका वीडियो भी बनाया।

पैंथर के दिखाई देने की सूचना के बाद क्षेत्र में सतर्कता बढ़ गई है। नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मार्ग से मंदिर पहुंचते हैं, ऐसे में वन्यजीव की मौजूदगी को लेकर लोगों में हल्का भय भी बना हुआ है।

हालांकि कुछ श्रद्धालु इसे आस्था से जोड़कर देख रहे हैं, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार वन क्षेत्र होने के कारण ऐसे वन्यजीवों की आवाजाही स्वाभाविक है।

प्रशासन और वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की मांग की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

## 'रील' के चक्कर में शर्मनाक हरकतः

### विदेशी महिला पर्यटक से बदतमीजी का VIDEO वायरल, कार्रवाई की मांग


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पर्यटन स्थल मेनाल में घूमने आई एक विदेशी महिला पर्यटक के साथ बदतमीजी का वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो ने न सिर्फ स्थानीय लोगों को नाराज किया है, बल्कि क्षेत्र की छवि पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।


जानकारी के अनुसार बनेड़ा क्षेत्र के एक युवक ने यह वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'pawan baba / pawan goswami 007 नाम की आईडी से अपलोड किया। वायरल वीडियो में युवक महिला के साथ अभद्र व्यवहार करता नजर आ रहा है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक विदेशी महिला से बातचीत के दौरान उसकी उम्र को लेकर टिप्पणी करता है, अपशब्दों का इस्तेमाल करता है और उसे 'जवान' कहकर चॉकलेट खाते समय छेड़छाड़ भरी बातें करता है। इतना ही नहीं, वह महिला को 'चोर' कहकर उसकी कैप उतरवाने जैसी हरकत भी करता है, जिससे पूरा घटनाक्रम और भी असहज हो जाता है।

स्थानीय निवासी दीपक धाकड़ ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि युवक ने महज सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए इस तरह की शर्मनाक हरकत की है। धाकड़ ने बताया कि विदेशी महिला को हिंदी भाषा की समझ नहीं थी, जिसका गलत फायदा उठाते हुए उसके साथ अभद्रता की गई।



विदेशी महिला




घटना सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। लोग आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं न सिर्फ इंसानियत के खिलाफ हैं, बल्कि पर्यटन स्थल की साख को भी नुकसान पहुंचाती हैं।

जानकारी यह भी सामने आई है कि पर्यटक के साथ दुर्व्यवहार करने वाला युवक बनेड़ा में एक होटल का संचालन करता है और सोशल मीडिया पर लगातार रील्स बनाकर पोस्ट करता रहता है। फिलहाल इस मामले ने तूल पकड़ लिया है और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# सहकारी कर्मचारियों का विभिन्न मांगो को लेकर ढोल-नगाड़ों के साथ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, मांगें नहीं मानी तो उग्र आंदोलन की चेतावनी



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**( पुनित चपलोत )** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर सोमवार को राजस्थान सहकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले ग्राम सेवा सहकारी समितियां के कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान उन्होंने ढोल बजाकर हाथों में तख्तिया लेकर ध्यान आकर्षित करने की कोशिश भी की हैं

प्रदर्शन के बाद उन्होंने जिला कलेक्टर को विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। वहीं उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हमारी मांगे पूरी नहीं की गई तो आने वाले समय में कर्मचारियों द्वारा हड़ताल उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी ने कहा कि पिछली 27 फरवरी से राजस्थान की सहकारी समितियां में निरंतर कार्य बहिष्कार किया जा रहा है यह करीब बहिष्कार सरकार की अनदेखी के चलते किया जा रहा है। खरीफ की ऋण वसूली का पिक समय है पूरे प्रदेश में किसानों को हजारों करोड रुपए बकाया है। इस पर किसानों पर लगने वाले समस्त ब्याज की जिम्मेदारी सरकार की होगी। 1 फरवरी से पहले हमारी समस्त मांगों का मानना जरूरी था ऐसा लिखित समझौते में तय हुआ था। लेकिन इसके बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई इसलिए हमने 27 फरवरी से कार्य बहिष्कार शुरू किया है। हमारी सरकार से निवेदन है कि हमारे तमाम मांगों को पूरा किया जाए।

# राजस्थान फ़ोकस का भव्य विमोचन, जनहित पत्रकारिता की नई पहल





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**(शुभम जैन)** भारत सरकार से मान्यता प्राप्त नए समाचार पत्र 'राजस्थान फ़ोकस' के प्रथम अंक का क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर गरिमामय वातावरण में विमोचन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने समाचार पत्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

माण्डलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने भीलवाड़ा स्थित फ़ोकस के प्रोडकास्ट स्टूडियो में समाचार पत्र का विमोचन किया। उन्होंने प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय को बधाई देते हुए कहा कि 'राजस्थान फ़ोकस प्रदेश स्तर पर पत्रकारिता के नए आयाम स्थापित करेगा और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगा।'

वहीं बिजोलिया थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने अपने कार्यालय में राजस्थान फ़ोकस का विमोचन करते हुए कहा कि 'समाचारों का चयन और उनकी गुणवत्ता सराहनीय है। यह समाचार पत्र आने वाले समय में राजस्थान में बड़ी सफलता हासिल करेगा और नई ऊंचाइयों को छुएगा।'

इससे पूर्व जोगणिया माता दरबार में पंचमुखी दरबार बामणिया के गुरुदेव महेंद्र जी ने प्रधान संपादक को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि 'मीडिया समाज का दर्पण होता है और निष्पक्ष पत्रकारिता समाज को सही दिशा प्रदान करती है।'

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गोवर्धन वैष्णव, बिट्ठल तिवारी, पंकज विजय, राजू अहीर, शुभम जैन, प्रेस ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम विजय, संवाददाता नरेश धाकड़, रमेश गुर्जर सहित कई गणमान्य लोगों ने समाचार पत्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

# सिलिकोसिस पीड़ित विधवाओं ने रोजगार व पेंशन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

**रमेश गुर्जर ।** उपखंड क्षेत्र की सिलिकोसिस पीड़ित विधवा महिलाओं ने सोमवार को जिला कलेक्टर एवं खान विभाग के नाम उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर पेंशन एवं वैकल्पिक रोजगार की मांग की। ज्ञापन में कांस्या, सलावटिया, झाड़ोली, अरौली, सुखपुरा, बिजौलिया व हेमनीवास सहित विभिन्न गांवों की महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखीं।

महिलाओं ने बताया कि जिले में करीब 500 खनन पट्टाधारी हैं, जिनके माध्यम से श्रमिकों के स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं पर्यावरण संरक्षण के वादे किए गए थे। वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण एवं रखरखाव कार्य में उन्हें जोड़ा जा सकता है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जिले में 300 से अधिक सिलिकोसिस विधवा महिलाएं हैं, जिनके पास आजीविका का कोई साधन नहीं है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की तर्ज पर प्रतिमाह 3500 रुपए पेंशन देने अथवा जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) के तहत पर्यावरण संरक्षण कार्यों में रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की।

इस दौरान कमली देवी रैगर ने उपखंड अधिकारी को मशरूम के पैकेट भेंट किए। कमली देवी एवं हेमा देवी ने बताया कि वे मशरूम उत्पादन व जैविक खाद तैयार कर रही हैं, लेकिन संसाधन और स्थान की कमी के कारण इसे बड़े स्तर पर नहीं कर पा रही हैं। उन्होंने सरकार से DMFT फंड के माध्यम से आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की।

ज्ञापन देने वालों में उर्मिला देवी यादव, कमली देवी, बदाम देवी, मांगी बाई, गुड़ी देवी, टीकम देवी, दिलीप सिंह यादव, राजू सहित समाजसेवी किशन कुमार खटीक आदि शामिल रहे।

# तरुण खटीक हत्याकांड पर खटीक समाज का कलेक्ट्रेट पर उग्र प्रदर्शन

## CBI जांच व 1 करोड़ मुआवजे सहित कई मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**(पुनित चपलोत)** दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में होली के दिन हुई 26 वर्षीय तरुण खटीक की हत्या के मामले को लेकर खटीक समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में 'राष्ट्रीय समृद्ध खटीक समाज सेवा संस्थान, राजस्थान' के बैनर तले समाज के प्रतिनिधियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि 4 मार्च 2026 को होली के दिन पानी के गुब्बारे को लेकर हुआ मामूली विवाद हिंसक रूप ले बैठा, जिसमें तरुण खटीक की निर्मम हत्या कर दी गई। समाज ने इस घटना को बेहद दुखद और कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़ा करने वाला बताया।

संस्थान के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मामले में अब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिससे पीड़ित परिवार में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यह घटना कमजोर वर्गों में डर का वातावरण पैदा कर रही है। ज्ञापन के माध्यम से समाज ने प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए CBI या




उच्च स्तरीय SIT गठित की जाए। साथ ही सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराई जाए, ताकि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिल सके।

इसके अलावा पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने, 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की गई। समाज ने दोषियों की अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की भी मांग उठाई।

समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो समाज व्यापक स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# संदिग्ध डिब्बों से दहशतः मदीना कॉलोनी में रात के अंधेरे में घरों के बाहर रखे गए पैकेट

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**(पुनित चपलोत)**

शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र स्थित मदीना कॉलोनी और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब कई घरों के बाहर संदिग्ध खाने-पीने के सामान के डिब्बे पड़े मिले। बिना किसी लेबल और एक्सपायरी डेट वाले इन डिब्बों को देखकर स्थानीय लोगों में डर और असुरक्षा का माहौल बन गया।






घटना को लेकर कॉलोनीवासियों ने बताया कि सोमवार तड़के करीब 2:46 बजे, जब पूरा मोहल्ला सो रहा था, उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने कई घरों के बाहर थैलियां रख दीं। सुबह जब लोगों की नजर इन थैलियों पर पड़ी और उन्हें खोलकर देखा गया, तो अंदर प्रोटीन बार और पीनट बटर के डिब्बे मिले।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जब मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, तो फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति घरों के बाहर ये डिब्बे रखते हुए साफ दिखाई दिया। इसके बाद क्षेत्र में दहशत और बढ़ गई।

मदीना कॉलोनी निवासी सकलाल, सद्दाम सौरगर, साजिद खान सहित अन्य लोगों ने भीमगंज थाना पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि इन डिब्बों पर किसी प्रकार की मैन्युफैक्चरिंग या एक्सपायरी डेट अंकित नहीं है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि इनमें कोई नशीला या जहरीला पदार्थ हो सकता है।

कॉलोनीवासियों ने पुलिस से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ मामला दर्ज करते हुए सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं, घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है और लोग इसे किसी बड़ी साजिश या बच्चों को निशाना बनाने की कोशिश के रूप में देख रहे हैं।

फिलहाल भीमगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# नव मनोनीत कार्यकारिणी का जिला अभिभाषक संस्था ने किया स्वागत



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(पुनित चपलोत)** जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, राजस्व महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह-सचिव आदित्य सिंह चौहान एवं पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली उपस्थित रहे।

इस दौरान जिला अभिभाषक संस्था की नव मनोनीत कार्यकारिणी के सदस्य पंकज पंचोली, राघवेंद्रनाथ व्यास, ओमप्रकाश तेली (नेनवा), पीरू सिंह गौड़, वंदना आमेटा एवं आनंद शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने नव मनोनीत कार्यकारिणी को संस्था के उद्देश्यों से अवगत कराया तथा वर्ष 2026 में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की।

नव मनोनीत कार्यकारिणी सदस्यों ने संस्था के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए अधिवक्ता हितों को ध्यान में रखकर कार्य करने का आश्वासन दिया।



QUICK BITES

## देवनारायण मंदिर परिसर के पास लगी भीषण आग, समय रहते पाया काबू

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास



**(रोशन)** फलौदी ग्राम में आराध्य देव श्री देवनारायण भगवान के मंदिर परिसर के पास अचानक भीषण आग लग गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मौके पर मौजूद दीपक पांडेय ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

समय रहते की गई कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और मंदिर का मुख्य हिस्सा भी सुरक्षित रहा।

ग्रामीण जसवंत सिंह, निर्मल शंकर सिंह, किशन सुथार और राजेंद्र सिंह ने दीपक पांडेय की सतर्कता और सूझबूझ की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय पर सूचना नहीं दी जाती तो आग विकराल रूप ले सकती थी।

## सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट के चुनाव संपन्न, गोविंद प्रसाद सोडानी बने अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट की कार्यकारिणी सत्र 2026-29 के लिए निर्वाचन प्रक्रिया शास्त्रीनगर स्थित भारत विकास भवन में शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। चुनाव पर्यवेक्षक चांदमल सोमानी की देखरेख में आयोजित इस प्रक्रिया में गोविंद प्रसाद सोडानी को सर्वसम्मति से ट्रस्ट का नया अध्यक्ष चुना गया।

निर्वाचन के दौरान सर्वसम्मति की परंपरा को कायम रखते हुए कैलाश चंद्र डाड को महामंत्री एवं चंद्रप्रकाश आगाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। परिणाम घोषित होते ही उपस्थित सदस्यों ने 'सांवरिया सेठ' के जयकारों के साथ नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर पर्यवेक्षक चांदमल सोमानी ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता टोली भावना के साथ जुड़कर मर्यादित ढंग से सेवा कार्य करें। इससे न केवल संगठन की प्रतिष्ठा बढ़ेगी, बल्कि सांवरिया सेठ की महिमा भी और अधिक प्रसारित होगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सुरेश भाई ने आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माधव गौशाला परिसर में निर्माणाधीन नर्बदेश्वर महादेव मंदिर को विद्वानों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के सहयोग से भव्य स्वरूप देना प्राथमिकता होनी चाहिए।

चुनाव से पूर्व आयोजित साधारण सभा में महामंत्री कैलाश डाड ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें वर्षभर में आयोजित 8 प्रमुख गतिविधियों एवं उत्सवों की जानकारी दी गई। वहीं, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश आगाल ने ट्रस्ट का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से पारित किया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सनातन मंगल महोत्सव में जुटी भेंट राशि गौसेवा को समर्पित, 2.52 लाख रुपए मुस्कान फाउंडेशन को दिए

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मूलचंद पेसवानी

भीलवाड़ा की धार्मिक सरजमीं पर आस्था, सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। हरिशेवा उदासीन सनातन आश्रम में आयोजित सनातन मंगल महोत्सव के अंतर्गत श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित भेंट राशि को गौसेवा के पावन कार्य हेतु समर्पित किया गया।

19 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित इस भव्य दीक्षा कार्यक्रम में भागवत कथा और यज्ञशाला के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भेंट पात्रों में अर्पित राशि कुल 2 लाख 52 हजार 358 रुपए एकत्रित हुई, जिसे सोमवार को मुस्कान फाउंडेशन, भीलवाड़ा को सौंपा गया। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने यह राशि संस्था को भेंट करते हुए कहा कि सनातन मंगल महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था से संचित धनराशि को गौमाता की सेवा में समर्पित करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने बताया कि यह राशि भीलवाड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों में गौसेवा, चारा एवं जल व्यवस्था जैसे कार्यों में उपयोग की जाएगी।इस अवसर पर संत समाज एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संत



मायाराम, संत राजाराम, संत गोविन्द राम, संत केशव राम, ब्रह्मचारी मिहिर सहित चाँदमल सोमानी, सुरेश गोयल, ईश्वर आसनानी, देवीदास गेहानी, कन्नू जगत्यानी, सुरजीत सर्वा, जय गुरनानी, दीपक केशवानी, पल्लवी वच्छानी और राजा टिकयानी समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

महामंडलेश्वर ने कहा कि सनातन संस्कृति में गौसेवा को सर्वोपरि स्थान प्राप्त है और इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, करुणा एवं धर्म के प्रति जागरूकता का संदेश देते हैं। यह संपूर्ण आयोजन सनातन मंगल महोत्सव समिति के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अमर शहीद हेमू कालानी की 103वीं जयंती पर उमड़ा देशभक्ति का जज्बा

## स्मारक पर श्रद्धांजलि, केक काटकर मनाया उत्सव, युवाओं ने चलाया सफाई अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

मूलचंद पेसवानी

शाहपुरा सोमवार को देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया, जब पूज्य सिंधी पंचायत के सानिध्य में अमर शहीद हेमू कालानी की 103वीं जयंती पूरे उत्साह, श्रद्धा और जोश के साथ मनाई गई। हेमू कालानी स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में जहां केक काटकर खुशियां मनाई गई, वहीं वीर सपूतों को याद कर माहौल भावुक भी हो उठा।कार्यक्रम की शुरुआत स्मारक पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। पंचायत पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शहीद दिवस के अवसर पर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान



'भारत माता की जय' और 'शहीद अमर रहें' के नारों से वातावरण गूंज उठा।पंचायत अध्यक्ष लीलाराम वासवानी, सचिव नरेश लखपतानी, कोषाध्यक्ष अशोक थानवानी एवं पूर्व अध्यक्ष मोहन लखपतानी व वरिष्ठ सदस्य मोहन थावानी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने हेमू कालानी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मात्र 19 वर्ष की आयु में उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। अंग्रेजों की बारूद से भरी ट्रेन को उड़ाने की योजना बनाते समय वे पकड़े गए और 21 जनवरी 1943 को फांसी पर चढ़ा दिए गए। इस अवसर पर सदस्यों ने स्मारक स्थल पर श्रमदान करते हुए सफाई अभियान चलाया। युवाओं और वरिष्ठों ने मिलकर अंदर-बाहर की सफाई कर यह संदेश दिया कि शहीदों की याद में केवल शब्द ही नहीं, कर्म भी जरूरी हैं। जयंती उत्सव के दौरान सुरेश वासवानी की अगुवाई में केक काटकर एवं मिठाई वितरित कर खुशियां बांटी गईं। इस मौके पर पूर्व सचिव ओम थावानी, सुरेश आसवानी, नरेश तोलानी, अशोक आसवानी, पंकज पेसवानी, हरीश मतलानी, पूर्व कोषाध्यक्ष शंकर ठारवानी, परशुराम सामतानी, अशोक महाराज, राजेंद्र शुक्ला सहित पंचायत के कई सदस्य मौजूद रहे।

# भारतीय पत्रकार संघ की बैठक में नई जिला कार्यकारिणी का गठन

## भेरूलाल माली बने प्रदेश सचिव, पंकज आडवाणी को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पत्रकारों के हितों की मजबूती और संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय बनाने के उद्देश्य से सोमवार को भारतीय पत्रकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक शहर के एक निजी होटल में आयोजित हुई। बैठक में नई जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए प्रमुख पदों पर नियुक्तियां की गईं। बैठक प्रदेश अध्यक्ष कमल कुमार जोटा के सानिध्य में आयोजित हुई, जिसमें भेरूलाल माली को प्रदेश सचिव एवं पंकज आडवाणी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने पर जोर दिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष जोटा ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष आडवाणी को शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी का विस्तार करने के निर्देश देते हुए कहा कि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाया जाए।

बैठक में राजकुमार माली, महेन्द्र नागौरी, राजकुमार गोयल, गोपाल वैष्णव, बृजेश शर्मा, राजेश जीनगर, सुभाष व्यास, प्रहलाद तेली (शाहपुरा) सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने प्रदेश अध्यक्ष का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) वर्तमान में 22 राज्यों में सक्रिय रहकर पत्रकारों के हितों के लिए कार्य कर रहा है।

# हेमू कालानी जयंती पर देशभक्ति का रंग, गैर नृत्य और जयघोष से गूंजा सिंधुनगर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भारत की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीद हेमू कालानी का 104वां जन्म दिवस सोमवार को शहर में हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया।

सुबह 11 बजे सिंधुनगर स्थित हेमू कालानी सर्कल पर सिंधी समाज के गणमान्य नागरिकों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत सिंधी समाज के युवाओं द्वारा पारंपरिक गैर नृत्य से हुई। ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ युवाओं ने 'भारत माता की जय' और 'अमर शहीद हेमू कालानी अमर रहे' के नारों से वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम अमर शहीद



हेमू कालानी सिंधी शिक्षण संस्था के अध्यक्ष दयाराम मेठानी ने प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर अगरबत्ती जलाते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इसके बाद विधायक अशोक कोठारी, ईश्वरलाल केसवानी, शंकरलाल मेठानी, जगदीश नंदवानी, राजेश मेठानी, मुरलीधर मामनानी, विनोद झुर्रानी, विजय हिंगोरानी, राजकुमार दरियानी, बंटी साधवानी, भगवान मेठानी, चन्द्रप्रकाश सामतानी, तुलसीदास नथरानी, रमेश मेठानी, किशोर लखवानी, कमल वैशनानी, वीरुमल पुरसानी, नारायणदास मेठानी, गुलशन विधानी, शंकर सोमानी, गिरधारी मेठानी, सुगनामल कलवानी, चिरंजीलाल टांक, बाबूलाल टांक, किशोर पारदासानी, अंकुर सनाढ्य, दीपू सबनानी सहित कई गणमान्य नागरिकों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

इस दौरान सिंधुनगर बस्ती अध्यक्ष राजेश माखीजा, मनोहर लालवानी, पं. सतीश शर्मा, प्रकाश सामतानी, मोनी जगत्यानी, गागन सोनी, मनोज बहरवानी, कमल लधानी, इंद्र टिकयानी, भावेश सोनी, धीरज पेशवानी, तुलसी सखरानी, शेरू निहलानी, सुरेश लोंगवानी, ललित लखवानी, गुलशन विधानी, रामचन्द्र खोतानी, हरीश सखरानी, आसनदास साजानी, भगवानदास उत्तमचंदानी, गोविंदराम, गोपाल लोंगवानी, जितेंद्र मोटवानी, महेश दरियानी, प्रवीण चंदानी, गागु दरियानी, गोपाल पमनानी, ओम गुलाबानी, हरीश मौजूद रहे ।

# 87 नर्सिंग पद खत्म होने पर भड़का विरोध, नर्सेज एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन, भीलवाड़ा ने आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग ऑफिसर्स के 87 पदों को अचानक विलोपित किए जाने के सरकारी आदेश के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।
सोमवार को एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।
ज्ञापन में बताया गया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 5 मार्च 2026 को जारी आदेश के तहत मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा से नर्सिंग ऑफिसर्स के 87 पद समाप्त कर दिए गए हैं, जिससे वहां कार्यरत 87 नर्सिंग कर्मी अधिशेष हो गए हैं।
एसोसिएशन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ये नर्सिंग ऑफिसर्स पिछले करीब 9 वर्षों से, यानी मेडिकल कॉलेज की स्थापना के समय से ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कॉलेज को स्थापित करने और सुचारू रूप से संचालित करने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अचानक पद समाप्त करने से इन कर्मचारियों के सामने गंभीर आर्थिक और मानसिक संकट उत्पन्न हो गया है।
जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली ने सरकार से मांग की है कि या तो समाप्त किए गए पदों को पुनः स्वीकृत किया जाए या फिर सभी 87 नर्सिंग ऑफिसर्स को जिले के अन्य चिकित्सा संस्थानों में रिक्त पदों पर समायोजित किया जाए।
नर्सेज एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने वाला निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन बड़े आंदोलन की राह अपनाने को मजबूर होगा।
इस दौरान मुख्य संरक्षक फरीद मोहम्मद, जिला संयोजक सांवर मल सोनी, आशीष डीडवानिया, विनोद वर्मा, नवनीत त्रिपाठी, विमला व्यास, नीलू सुखवाल, हंसा सेन, दीनबंधु चतुर्वेदी, कमला पहाड़िया, विश्वनाथ तिवाड़ी, विवेक टेलर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# चैत्र नवरात्र में जोगणिया माता दरबार में गूंजा आस्था और संस्कृति का संगम, गेर नृत्य ने मोहा मन





भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं ।

**दिनेश गुर्जर ।** श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्रद्धा और लोक संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला । मंदिर परिसर में आयोजित भव्य गेर नृत्य कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उत्सवमय बना दिया। दूर-दूर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में हाजिरी लगाकर आस्था प्रकट की।
इस अवसर पर मां जोगणिया के भक्त सोमनाथ गुर्जर के नेतृत्व में विभिन्न गांवों से आए कलाकारों और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक गेर (खेल) की शानदार प्रस्तुति दी। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकार जब ढोल-नगाड़ों की ताल पर थिरके तो पूरा परिसर गूंज उठा और दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।
कार्यक्रम में गराडिया गांव से सोनाथ गुर्जर, केलु गुर्जर, ईश्वर गुर्जर और राजू गुर्जर सहित कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं बीड़ा का खेड़ा से पथिक सेना संगठन के जिलाध्यक्ष भोमराज गुर्जर के नेतृत्व में टीम ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनके साथ सुखदेव, हीरालाल, नारायण, सुवालाल, रामलाल और हरदेव गुर्जर सहित अनेक लोग शामिल रहे।
इसके अतिरिक्त मालास गांव से नारायण गुर्जर और पिता का खेड़ा से छितर गुर्जर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में पहुंचे और आयोजन की शोभा बढ़ाई।
संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने इस अवसर पर सभी का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध लोक संस्कृति को जीवित रखने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आधुनिक जीवनशैली के बीच अपनी परंपराओं से जुड़े रहें और उन्हें आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।
पूरे आयोजन के दौरान 'जय माता दी' के जयकारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से मंदिर परिसर भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा।

# सीएमएचओ की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित

## अस्पतालों में हीटवेव को लेकर विशेष तैयारियों के निर्देश, लंबित तैयारियों, ऑनलाइन रिपोर्टिंग व योजनाओं की प्रगति पर हुई विस्तृत चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**( पुनित चपलोत )** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को सीएमएचओ कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर के चिकित्सा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।
सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने अधिकारियों को नियमित फील्ड विजिट करने, अस्पतालों की व्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा साफ-सफाई और अस्पतालों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट के अनुसार सभी तैयारियां समयबद्ध पूरी की जाएं और ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रणाली को मजबूत बनाते हुए डेटा आधारित कार्यवाही समय पर पूर्ण की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित चिकित्सकों को उच्च स्तर की कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा।बैठक में सीएमएचओ ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत अधिकाधिक पात्र लोगों को लाभान्वित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके तहत आयुष्मान कार्ड, ई-केवाईसी तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के वय वंदन योजना में शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने इस वर्ष हीटवेव का प्रकोप अधिक रहने की संभावना के चलते हीटवेव को देखते हुए चिकित्सा संस्थानों में व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अस्पतालों में स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, एम्बुलेंस में आवश्यक व्यवस्थाएं, प्रत्येक रविवार ड्राई डे मनाने तथा बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को जागरूक करने पर विशेष बल दिया। साथ ही अस्पतालों में बेड आरक्षित रखने और एनसीडी कार्यक्रम में लक्ष्य बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए।
बैठक में सीएमएचओ ने एनक्यूएएस/कायाकल्प, आयुष्मान भारत योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, ओडीके ऐप, आईएचएमएस एवं सीएचओ पोर्टल सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर प्रगति बढाने के निर्देश चिकित्सा अधिकारियों को दिये।
सीएमएचओ ने कहा कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दिलाने का माध्यम है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं और नियमित मॉनिटरिंग के साथ लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें।
बैठक में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल, डीडीडब्ल्यूएच डॉ. अशोक खटवानी सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के चिकित्सा अधिकारी, बीसीएमओ, बीपीओ और सीएमएचओ कार्यालय के विभिन्न अनुभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा के चुनाव संपन्न, गिरीश अग्रवाल बने अध्यक्ष



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा के आगामी सत्र के लिए सांगठनिक चुनाव सोमवार को शहर समन्वयक श्याम कुमावत की देखरेख में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ सर्वसम्मति की परंपरा निभाते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें गिरीश अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया।
चुनाव पर्यवेक्षक श्याम कुमावत ने सर्वसम्मति से निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। कार्यकारिणी में केजी सोनी को सचिव और आदित्य मानसिंहका को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं महिला सहभागिता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अनु हिम्मतरामका को महिला संयोजिका नियुक्त किया गया।
पदभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों ने परिषद के मूल मंत्र 'संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण' को दोहराते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।
अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल ने अपने विजन को साझा करते हुए कहा कि शाखा अपने स्थाई प्रकल्पों को और अधिक प्रभावी बनाएगी। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में परिषद द्वारा आमजन की सुविधा के लिए अत्याधुनिक पैथोलॉजी लैब और डायलिसिस केंद्र शुरू किए जाएंगे, जिससे लोगों को रियायती दरों पर बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# भाविप प्रांतीय अधिवेशन में सेवा कार्यों का सम्मान, 32 शाखाएं हुईं गौरवान्वित




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत के प्रांतीय अधिवेशन में सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाली 32 शाखाओं के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय महामंत्री दुर्गादत्त शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।
इस दौरान स्वामी विवेकानंद शाखा भीलवाड़ा और अजमेर मुख्य शाखा को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ शाखा का खिताब मिला। विभिन्न श्रेणियों में नेताजी सुभाष शाखा, शाहपुरा, बांदनवाड़ा सहित कई शाखाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
रक्तदान, नेत्रदान, देहदान, दिव्यांग सहायता, संस्कृति और संगठनात्मक गतिविधियों में भी शाखाओं को अलग-अलग सम्मान प्रदान किए गए। साथ ही नई शाखाएं खोलने और प्रांतीय कार्यक्रमों की सफल मेजबानी के लिए भी विशेष सम्मान दिए गए।
कार्यक्रम में प्रांतीय पदाधिकारियों सहित 280 से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने सेवा कार्यों को और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## QUICK BITES

# भोलेनाथ योगी बने नाथ समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।



राजस्थान नाथ समाज में नई नियुक्तियों के तहत भोलेनाथ योगी आसन खटवाड़ा को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सत्यम सुरेलिया ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नाथूनाथ योगी एवं भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष रामनाथ योगी की अनुशंसा पर की।
इसके साथ ही डालूनाथ योगी आसींद को संभागीय मंत्री एवं पारसनाथ योगी आसींद को संभागीय कार्यकारिणी सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया है।
उल्लेखनीय है कि भोलेनाथ योगी वर्तमान में पटवारी पद पर कार्यरत हैं और उनके पास रुद्र वाहिनी संघ के युवा मोर्चा प्रदेश संयोजक का दायित्व भी है।
इन नियुक्तियों से क्षेत्र के नाथ समाज बंधुओं में हर्ष का माहौल है। समाज के लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए जिला अध्यक्ष रामनाथ योगी का आभार व्यक्त किया है।

# शहीद दिवस पर रक्तदान शिविर, 52 यूनिट रक्तदान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



**मानव तिवाड़ी ।** शहीद दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को द्वारिका हॉस्पिटल में युवाओं के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 52 यूनिट रक्तदान हुआ।
शिविर में नगर व आसपास क्षेत्र के युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं विभिन्न वर्गों के रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रक्तदान कार्यक्रम का संचालन भीलवाड़ा ब्लड बैंक की टीम ने किया।
आयोजन को सफल बनाने में किशन कुमार खटीक, दीपक मीणा, अंकित तिवारी, अनिल राव, रामफूल धाकड़, संदीप सेठिया, कुंदन खटीक, मुकेश खटीक, प्रेमचंद, प्रकाशचंद्र मीणा, सुधीर कोतवाल, संजय जैन, वेदराज, मनराज, अजय सांखला, मुकेश प्रदुमन धाकड़, शैतान, अक्षय, रामदेव, दिलीप सिंह, जय सिंह, धनराज, मनीष, प्रकाश सहित कई लोगों का योगदान रहा।
महिला रक्तदाताओं में भारती जैन, निर्मला मेघवाल, ऐश्वर्या मेघवाल, देविका यादव, पायल, राखी राजपूत, लक्ष्मी बंजारा, रिंकी सोलंकी ने भी प्रेरणादायक सहभागिता निभाई।

# राजस्थान दिवस पर भीलवाड़ा में सजेगी कला प्रदर्शनी, 23 कलाकार दिखाएंगे हुनर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राजस्थान दिवस के अवसर पर शहर में कला और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। दीपिका आर्ट अकैडमी व नवदीप के संयुक्त तत्वावधान में 23 कलाकारों की बहुआयामी कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।
दीपिका पाराशर ने बताया कि यह प्रदर्शनी 29 मार्च से 2 अप्रैल तक दीपिका आर्ट अकैडमी परिसर में आयोजित होगी, जिसका शुभारंभ 29 मार्च को सायं 4 बजे किया जाएगा। प्रदर्शनी में पेंटिंग, फोटोग्राफी, प्रिंट मेकिंग सहित विभिन्न कला विधाओं का सृजनात्मक प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक कलाकार अपनी अनूठी अभिव्यक्ति को अलग-अलग माध्यमों से प्रस्तुत करेगा।
इस कला आयोजन में भीलवाड़ा के 23 प्रतिभाशाली कलाकार भाग ले रहे हैं, जो अपनी रचनाओं के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परम्परा और रंग-बिरंगी जीवन शैली को दर्शकों के समक्ष जीवंत करेंगे। प्रदर्शनी में राजस्थान की लोक संस्कृति, परिधान, उत्सव और प्रकृति के विविध रंग देखने को मिलेंगे।
दीपिका के अनुसार, यह प्रदर्शनी न केवल कलाकारों को मंच प्रदान करेगी, बल्कि कला प्रेमियों के लिए भी एक विशेष अवसर होगा, जहां वे एक ही छत के नीचे विभिन्न कला शैलियों का आनंद ले सकेंगे।
कार्यक्रम में दीपिका पाराशर, शिल्पा चौधरी, सीमा सांखला, प्रिया समदानी, मंथु रॉय, रिम्पा घटक, राखी बलाई, खुशी कंवर, शीला बलाई, रंजना सुथार, अदिति नरेड़िया, शैफाली राठौड़, चंचल पंवार, नव्या जैन, गुंजन बहेड़िया, सुरभि पारीक, चिराग प्रजापत, काजल प्रजापत, रिया छापरवाल, तनु धोबी, कृष्णा शर्मा, जया कोली, शालू वैष्णव की कलाकृतियाँ शामिल रहेगी।

# यश सिद्ध महिला मंडल का स्नेह मिलन समारोह, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा मंच

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



सांगानेर रोड स्थित यश सिद्ध स्वाध्याय भवन में यश सिद्ध महिला मंडल द्वारा स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल की बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मधु लोढ़ा एवं मंजू पोखरणा उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में महिला मंडल की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, संस्कृति और आपसी प्रेम को बढ़ावा देते हैं।
मंडल की अध्यक्ष लाड़ बम्ब, मंत्री सरोज रांका, सहमंत्री इंदु बम्ब, कोषाध्यक्ष पायल सोनी सहित बिंदु धूपिया, अंगूरी पीपाड़ा, मीना पगारिया एवं अन्य सदस्य बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान नाटिका, भजन, नृत्य एवं राधा-कृष्ण पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित सभी जनों ने खूब सराहा। पूरे आयोजन में भक्ति, आनंद और उत्साह का वातावरण बना रहा।
निकिता बम्ब ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे स्नेह मिलन कार्यक्रम महिलाओं को एक मंच प्रदान करते हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं और आपसी संबंधों को और अधिक सशक्त बना सकती हैं। उन्होंने बताया कि मंडल आगे भी इसी प्रकार सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।